卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 73 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦20 दिसम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444962
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# शिक्षक के घर में 40 लाख की डकैती

**आधी रात को हथियार बंद बदमाशों ने मकान पर बोला धावा,गृह स्वामी को किया घायल**





काशीपुर(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र के दढ़ियाल रोड स्थित हनुमान नगर मोहल्ले में शिक्षक दंपति के घर देर रात हथियारबंद बदमाशों ने डकैती की सनसनी खेज घटना को अंजाम देते हुए कीमती जेवरात व नगदी समेत लगभग 40 लाख रूपयों के माल पर हाथ साफ कर दिया। विरोध करने पर गृह स्वामी के सिर पर भारी वस्तु से प्रहार कर उसे गंभीर रूप से लहुलुहान करते हुए बदमाश मौके से फरार हो गए। पुलिस को घटना की जानकारी मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर मामले का संज्ञान लेते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी। जानकारी मिली है कि टांडा उज्जैन पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत घड़ियाल रोड पर स्थित मोहल्ला हनुमान नगर में मंगलवार की रात्रि लगभग एक बजे शिक्षक यशपाल सिंह चौहान के घर दर्जनों की तादाद में हथियार बंद बदमाशों ने अचानक धावा बोल दिया। घटना के वक्त शिक्षक अपने पुत्र हिमांक के साथ घर में मौजूद थे। बदमाशों ने पिता पुत्र को बंधक बनाकर घंटों घर में तांडव मचाते हुए हथियारों की नोक पर कीमती जेवरात व नगदी को मिलाकर लगभग 40 लाख रूपयों की सनसनीखेज डकैती को अंजाम दे डाला। विरोध करने पर बदमाशों ने भारी वस्तु से गृह स्वामी के सिर पर प्रहार कर उसे गंभीर रूप से लहुलुहान कर दिया और हथियार लहराते रात के अंधेरे में आराम से गायब हो गए। बदमाशों की जाने के बाद पीड़ित परिवार ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। घटना की जानकारी पुलिस को मिलने पर वह तत्काल मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए जरूरी जानकारी जुटाना के बाद बदमाशों का पता लगाना शुरू किया है।

# बाघ के हमले में युवती की मौत पर फूटा गुस्सा



भीमताल(उद संवाददाता)। अलचौना के ताड़ा गांव में मंगलवार की शाम बाघ का निवाला बनी निकिता शर्मा की मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने शव को लेकर खुटानी चौराहे पर जाम लगा दिया। युवती की मौत के बाद से ग्रामीणों और परिजनों में वन विभाग और जिला प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश है। बुधवार की सुबह गुस्साए लोगों ने वन विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और खुटानी चौराहे पर जाम लगा दिया। विधायक राम सिंह कैड़ा के समझाने पर भी ग्रामीण मानने को तैयार नहीं हुए। ग्रामीणों को मनाने में पुलिस के कई अधिकारी लगे रहे लेकिन लेकिन ग्रामीण सुनने को तैयार नहीं है। ग्रामीणों का उग्र विरोध देख वन विभाग के कन्जर्वेटर और डीएफओ ग्रामीणों के सामने तक नहीं आए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि घटना के बाद नैनीताल डीएम को फोन करने के बाद भी फोन नहीं उठाया गया। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीण युवती का शव लेकर खुटानी में रखकर वन विभाग और प्रशासन के लिए धरना प्रदर्शन कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना था आदमखोर के लगातार हमला करने के बाद भी विभाग लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं हैं। बता दें मंगलवार को घर से कुछ दूरी पर ही निकिता को आदमखोर ने अपना निवाला बना लिया। जब (शेष पृष्ठ सात पर)

# स्कार्पियो सवार बदमाशों ने दिया था एटीएम लूट की घटना को अंजाम

**घटना के खुलासे के लिए लगाई कई टीमें**

काशीपुर(उद संवाददाता)। एसबीआई के एटीएम में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने बैंक के मुख्य प्रबंधक अनुनय कुमार की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। बदमाशों का सुराग लगाने के लिए पुलिस की कई टीमों को लगाया है। घटनास्थल के आसपास सीसी टीवी कैमरे की फुटेज खंगालने पर पता चला है कि स्कार्पियो सवार दो-तीन बदमाशों ने हैरतअंगेज घटना को अंजाम दिया। बैंक कर्मियों द्वारा सिस्टम की बारीकी से जांच करने पर पता चला कि कुल 11 लाख 13 हजार 500 रुपए उड़ाए गए। ज्ञातव्य है कि 18 दिसंबर की रात्रि लगभग 2:30 बजे एटीएम प्रभारी ने बैंक के मुख्य प्रबंधक को सूचना दी की रामनगर रोड स्थित एसबीआई के एटीएम को तोड़कर बदमाशों द्वारा लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दो दुकानों में चोरों का धावा, नगदी समेत लाखों का माल पार



गूलरभोज(उद संवाददाता)। मोबाइल की दुकान सहित दो दुकानों में धावा बोलकर चोरों ने एक लाख से अधिक की नगदी और करीब एक दर्जन मोबाइल चोरी कर लिये। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना कर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक गूलरभोज बाजार में प्रमोद कुमार पुत्र खैराती लाल की पीके टेलीकॉम के नाम से दुकान है। दुकान स्वामी रोजाना की तरह दुकान बंद करके घर चले गये। रात करीब एक बजे चोरों ने दुकान के ताले तोड़कर उसमें रखे दर्जनभर स्मार्ट फोन और एक लाख से ऊपर की नगदी, रेडीमेड कपड़े चोरी कर लिये। इस दौरान पड़ोस में भाई विनोद कुमार पुत्र खैराती लाल की परचून की दुकान से भी चोरों ने नगदी पार कर ली। विनोद कुमार उसी दुकान के पीछे की तरफ अपने मकान में सोए थे। इस दौरान शोर सुनकर सुनकर विनोद कुमार की पत्नी मौके पर उठी तो उसने देखा कि कुछ लोग गला उठाकर अपने साथ ले जा रहे हैं। विनोद कुमार के शोर मचाने पर अज्ञात चोर मौके से फरार हो गए। वहीं चोरों ने अंग्रेजी शराब की दुकान के दोनों ताले भी तोड़ दिए। सेंटर लॉक को तोड़ने की कोशिश की गई लेकिन तोड़ नहीं पाए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। भाजपा नेता अतुल पांडे ने भी मौका मुआयना किया और व्यापारियों के साथ चौकी पहुंचकर घटना के खुलासे की मांग की। चौकी इंचार्ज राकेश कठायत ने चोरी का जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

# सड़क हादसे में घायल युवक ने दम तोड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए टुकटुक चालक की गत रात्रि उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार रम्पुरा वार्ड 23 निवासी 35 वर्षीय प्रेम कोली पुत्र मंगली कोली 16 दिसम्बर को टुकटुक लेकर काम के लिए जा रहा था। बिलासपुर रोड़ पर डिग्री कालेज के सामने वह सड़क किनारे खड़े होकर किसी से बात कर रहा था इसी दौरान एक कार चालक ने उसे टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और उसे उपचार के लिए एक निजी चिकित्सालय में छोड़कर फरार हो गया। मामले की जानकारी मिलने पर उसके परिजन भी आ पहुंचे। हालत बिगड़ने पर परिजन प्रेम को उपचार के लिए एम्स ऋषिकेष ले गये। जहां उपचार के दौरान परिजन उसे यहां जिला चिकित्सालय ले आये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मृतक प्रेम कोली के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक प्रेम के दो पुत्र 3 वर्षीय कृष्ण व 8 वर्षीय अजय तथा 12 वर्षीय पुत्री मधु हैं।

# नशे के इंजेक्शनों के साथ तस्कर दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आवास चौकी पुलिस एवं एएनटीएफ टीम ने चैकिंग के दौरान मौहल्ला शिव नगर में औचक दबिश देकर एक नशा तस्कर को नशे के इंजेक्शन बेचते भारी संख्या में इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार आवास विकास चौकी प्रभारी नीमा बोहरा साथी पुलिसकर्मियों एएसआई भूपेन्द्र धौनी, कां. पंकज सजवाण, अनिल कुमार, एएनटीएफ प्रभारी राजेश पाण्डे व कां. विनोद खत्री के साथ गश्त कर रही थी। इसी दौरान टीम पीली कोठी शिवनगर पहुंची। जहां कुछ लोग खड़े दिखाई दिये। पुलिस को देखकर वह (शेष पृष्ठ सात पर)



नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः । न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।।

रस्म पगड़ी व श्रद्धांजली सभा

अत्यन्त दुख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी धर्मपत्नी श्रीमती सरोज बंसल जी का स्वर्गवास दिनांक 10-12-2023 को हो गया है। जिनका ब्रह्मभोज दिनांक 21-12-2023 दिन बृहस्पतिवार को 12:00 बजे , 2:00 से 3:00 रस्म पगड़ी व श्रद्धांजली सभा AMBIENCE RESORT काशीपुर रोड रुद्रपुर में सम्पन्न होगी । आप सभी पहुंचकर के पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करें।

शोकाकुल परिवार
राजेन्द्र प्रसाद बंसल (पति)
अमित बंसल-सारिका बंसल (पुत्र-पुत्रवधु)
अंकुर बंसल-प्रीति बंसल (पुत्र-पुत्रवधु)
अमन गर्ग-ममता गर्ग, (सुपुत्री- दामाद)
भारत अग्रवाल-प्रीति अग्रवाल (सुपुत्री- दामाद)
माणिक, आरुष (सुपौत्र), अनन्नया व वैष्णवी (सुपौत्री)
बंसल ट्रांसपोर्ट एण्ड बंसल परिवार
मो0 9837415300, 9837091119, 9045400002
नोट : कृप्या इसको ही व्यक्तिगत बुलावे की मान्यता दे।

# राष्ट्रीय रोजगार नीति के लिए जन्तर मंतर पहुंचे अनशनकारी गिरफ्तार

## संयुक्त रोजगार आंदोलन समिति के आवाहन पर जंतर-मंतर पहुँचे थे अनशनकारी,रोजगार गारंटी की मांग हुई मुखर







नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। देश में बेरोजगारी के खिलाफ संयुक्त रोजगार आंदोलन समिति के आवाहन पर राष्ट्रीय रोजगार नीति आधारित कानून बनवाकर संसद से पास कराने के लिए देश भर के सभी राज्यों से हजारों बेरोजगार युवा अपनी मांगों को लेकर जंतर मंतर पहुंचे, जहां पर दिल्ली पुलिस द्वारा परमिशन का हवाला देते हुए अनशनकारियों को हिरासत में लेकर बसों में डिटेन कर लिया। पुलिस की इस दमनपूर्ण कार्यवाही के विरोध में संयुक्त रोजगार आंदोलन समिति के कोर्डिनेशन सदस्य कृष्णा यादव ने कहा यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज सरकार देश के 60 करोड़ से ज्यादा युवा बेरोजगारों की आवाज को सुनने के लिए तैयार नहीं है। आज देश का युवा बेरोजगारी के कारण असहाय है, मानसिक पीड़ा से गुजर रहा है, आत्महत्या करने को मजबूर हो रहा है, लेकिन सरकार उनकी आवाज को सुनने के विरोध में उन्हें डिटेन कर रही है मुकदमा पंजीकृत कर रही है। कृष्ण यादव ने कहा कि जंतर मंतर पर चाहे जम्मू कश्मीर हो या केरल, गुजरात हो या असम देश के कोने-कोने से हजारों की संख्या में अनशनकारी जंतर मंतर पहुंचे और जिस प्रकार से उन्हें पहुंचते ही पुलिस द्वारा बसों में भर गया उन्हें मीडिया में अपनी बात रखने से रोकना बहुत ही निराशाजनक है। पंजाब से आये अनशनकारी गुरजिंदर ने कहा कि पिछले दिनों पूरे देश ने देखा कि युवाओं के द्वारा उत्तर प्रदेश , दिल्ली , महाराष्ट्र , बिहार, मध्य प्रदेश आदि राज्यों में रेलवे, एसएससी, यूपीएससी, सेंट्रल पुलिस फोर्स , आरआरबी, एनटीपीसी , अग्निपथ योजना एवं राज्यों की विभिन्न भर्तियों को लेकर आंदोलन हुए किन्तु युवा विरोधी तनाशाह सरकार द्वारा बातचीत करने के बजाय युवाओं के साथ बर्बरतापूर्ण व्यवहार किया। ऐसी स्थिति में राष्ट्र के बेरोजगार युवाओं को राष्ट्र निर्माण में भागीदारी से जोड़ने के लिए, राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए एक राष्ट्रीय रोजगार नीति अहम कारगर हो सकती है और इस बात को सरकार सुनने के लिए कतई तैयार नहीं है। असम से अनशन करने जन्तर मंतर पहुंची बीना ने कहा पिछले दो वर्षों से प्रधानमंत्री को देशभर के सभी जिलों से राष्ट्रीय रोजगार नीति लागू करने के लिए प्रार्थना पत्र दिए जा रहे हैं लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री उन प्रार्थना पत्रों पर कोई विचार नहीं कर रहे हैं, अगर देश के प्रधानमंत्री ही राष्ट्रीय रोजगार नीति को लागू करने में तत्परता नहीं दिखाएंगे तो फिर तो देश के 60 करोड़ से ज्यादा युवक किससे उम्मीद करें। आज जिस तरह महिलाओं पर दमन पूर्वक कार्रवाई दिल्ली पुलिस के द्वारा की गई इससे पता चलता है कि प्रधानमंत्री बेरोजगारी के खिलाफ हैं। महाराष्ट्र से आये अनशनकारी प्रशांत मोरे ने कहा बेरोजगार युवाओं पर सरकार का तानाशाही पूर्ण रवैया दिन पर दिन और दमन पूर्ण होता जा रहा है। देशभर से बेरोजगार महिलाओं को आज पुलिस ने जिस तरह से पकड़ पकड़ कर बसों में डिटेन किया, उनको अनशन करने से रोका यह असहनीय है और सबसे दुखद है कि आज देश के 60 करोड़ से ज्यादा एवं बेरोजगार युवाओं की पीड़ा को सुनने को कोई तैयार नहीं है। संयुक्त रोजगार आंदोलन समिति के कोर्डिनेशन सदस्य कृष्णा यादव ने कहा कि सरकार कितना भी दमन कर ले, देश भर के सैकड़ो छात्र संगठन, युवा संगठन, किसान संगठन, मजदूर संगठन,आदिवासी संगठन के कार्यकर्ता और पदाधिकारी किसी भी कीमत पर राष्ट्रीय रोजगार नीति की को लागू करने की मांग से पीछे नहीं हटेंगे। सरकार कितना भी हम देश के बेरोजगारों का दमन कर ले लेकिन बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिए राष्ट्रीय रोजगार नीति की मांग के लिए आंदोलन जारी रहेगा ।

## स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्तराखंड को मिला जेआरडी टाटा मेमोरियल अवॉर्ड




देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड को 42 विभिन्न स्वास्थ्य सूचकांक में बेहतर प्रदर्शन के लिए टाटा मेमोरियल पुरस्कार दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री डा धन सिंह रावत ने प्रदेश की ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि इस पुरस्कार के मिलने से स्वास्थ्य विभाग के कार्मिकों का मनोबल बढ़ाने के साथ ही उनमें एक नई ऊर्जा का संचार भी होगा, जिससे भविष्य में स्वास्थ्य के क्षेत्र में राज्य में और बेहतर कार्य किए जा सकेंगे।नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डा धन सिंह रावत ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार विभिन्न योजनाओं से जनमानस को स्वास्थ्य लाभ दे रही है। इसके फलस्वरूप उत्तराखंड को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला है।डा धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तारीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए समय-समय पर सरकार द्वारा स्वास्थ्य चिंतन शिविरों का आयोजन भी किया जा रहा है। इसमें आम व्यक्तियों की प्रतिक्रिया, सुझावों एवं शिकायतों का संकलन कर उन पर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित इस सम्मान समारोह में टाटा संस के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने स्वास्थ्य मंत्री डा धन सिंह रावत को स्मृति चिन्ह के साथ ही पांच लाख का चेक सौंपा।

## सरोवर नगरी में शीतलहर ने बढ़ाई ठंड

नैनीताल। अगले कुछ दिन बाद पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में परिवर्तन आने के आसर बन रहे है। वहीं नव वर्ष पर बर्फबारी के लिए पर्यटकों को भी इंताजर है। जिस कारण उच्च हिमालय क्षेत्रों में हिमपात की संभावना है। जिसके चलते निचले क्षेत्र को भी शीतलहर का सामना करना पड़ेगा। सरोवर नगरी में रविवार को दोपहर तक मौसम सुहावना रहा। अधिकांश समय धूप खिली रही। दोपहर बाद बादल छा जाने से ठंड में वृद्धि हो गई और हीटर का सहारा लेने को मजबूर हो गए। शाम को बाजारों में सुनसानी छा गई। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वायुमंडलीय विज्ञानी डॉ. नरेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। जिसका असर बुधवार तक पर्वतीय क्षेत्रों में देखने को मिल सकता है। हालांकि बर्फबारी की संभावना नहीं की जा सकती, लेकिन मौसम की भिन्नता के कारण बर्फबारी से इनकार भी नहीं किया जा सकता। हालांकि यह विक्षोभ बहुत अधिक शक्तिशाली नहीं है। इस बार अलनीनो सक्रिय है, जिसका असर शीतकाल में प्रभावी रहेगा। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, अधिकतम तापमान 14 व न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस रहा। आद्रता अधिकतम 80 व न्यूनतम 45 प्रतिशत रही।

## संघ प्रमुख समेत कई राज्यों के नेता 24 को आएंगे हरिहर आश्रम

हरिद्वार। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत सहित कई राज्यों के नेता 24 दिसंबर को हरिद्वार के हरिहर आश्रम में होने वाले कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस आयोजन को लेकर आश्रम और अखाड़े ही नहीं प्रशासन की ओर से भी तैयारी की जा रही है। बता दें कि जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज के आचार्य महामंडलेश्वर पद के 25 साल पूरे होने पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश के कई संत और राजनीतिक हस्तियां शामिल होंगी। आश्रम के अनुसार हरिहर आश्रम में दिव्य आध्यात्मिक महोत्सव 24 दिसंबर से 26 दिसंबर तक चलेगा। उद्घाटन अवसर पर ही संघ प्रमुख मोहन भागवत के अलावा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर और गोवा के सीएम प्रमोद सावंत को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में संत सम्मेलन के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगी। कार्यक्रम में हिमाचल, केरल, जम्मू कश्मीर के अलावा कई अन्य राज्यों के राज्यपाल भी मौजूद रह सकते हैं।

## दिल्ली से आए हरकी पैड़ी में भीख मांगते भाई-बहन पिता को सौंपे

हरिद्वार। दिल्ली से भागकर हरिद्वार आए नाबालिग भाई-बहन हरकी पैड़ी क्षेत्र में सुभाष घाट पर सोमवार को भीख मांगते मिले। मानव तस्करी निरोधक दस्ता (एएचटीयू) की टीम ने दोनों को उनके पिता के सुपुर्द कर दिया। बच्चों को देखकर पिता की आंखें भर आई।सीओ सिटी जूही मनराल ने बताया, 13 दिसंबर को दस्ता की टीम गश्त कर रही थी। इस दौरान सुभाष घाट पर 10 वर्षीय बालक और 14 वर्षीय बालिका मिली। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वह खजूरी खास, उत्तर पूर्वी दिल्ली के रहने वाले हैं। घर से बिना बताए हरिद्वार आ गए। टीम दोनों को अपने साथ ले गई और परिजनों की तलाश शुरू की। परिजनों से संपर्क होने पर दोनों बच्चों के पिता सोमवार को हरिद्वार पहुंचे और बच्चों को उनके सुपुर्द कर दिया गया। पिता ने बताया, पत्नी का छह साल पहले निधन हो चुका है। वह 15 दिन पहले काम की तलाश में गया था। जब वापस घर आया तो मकान मालिक ने बताया कि बच्चे पांच दिन से घर ही नहीं आए हैं। इसके बाद से वह खुद उन्हें तलाश रहा था।

## लावारिस पशुओं को रखने के लिए गौशालाओं में नहीं बची है जगह



नैनीताल(उद संवाददाता)। हल्द्वानी सहित प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्गों और राज्य राजमार्गों पर पशुओं को लावारिस छोड़े जाने के मामले में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ में हल्द्वानी निवासी अधिवक्ता डॉ. चंद्रशेखर जोशी की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान मुख्य नगर आयुक्त हल्द्वानी कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने बताया कि हर दिन पांच-छह लावारिस पशुओं को पकड़ा जा रहा है। 2019 में इनकी संख्या 600 से अधिक थी, जो अब बढ़ गई है जिसके चलते अब इन्हें रखने की जगह नहीं है। निजी गोशालाओं में भी अब जगह नही बची। कोर्ट ने इस मामले में मंगलवार को भी सुनवाई जारी रखी है।

## भाजपा ने कुमाऊं के जिलाध्यक्षों और प्रभारियों की बैठक में बनाई रणनीति,विस्तारकों की होगी नियुक्ति

हल्द्वानी। भाजपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी ने प्रदेश में लोकसभा की पांचों सीटों के लिए लोकसभा विस्तारक तय कर दिए हैं। ये चुनाव संपन्न होने तक अपने-अपने क्षेत्र में मौजूद रहेंगे। ये विस्तारक संगठन का काम और बूथों की स्थिति को देखेंगे। पार्टी पदाधिकारियों में किसी भी प्रकार का मतभेद होने पर सुलझाएंगे और सरकार और संगठन के बीच सेतु का काम करेंगे। रविवार को दिनभर हल्द्वानी में पार्टी की महत्वपूर्ण गोपनीय बैठक हुई। इसमें प्रदेश की पांच लोकसभा सीटों के लिए सात विस्तारक तय किए दिए। सूत्रों के मुताबिक, करीब 10 घंटे चली बैठक में एक प्रदेश संयोजक और एक सह संयोजक बनाया गया है जबकि बचे हुए पांच विस्तारकों को लोकसभा चुनाव संपन्न होने तक अपने अपने संसदीय सीटों में प्रवास पर रहने के लिए कहा गया है । प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और महामंत्री संगठन अजय की ओर से ली गई महत्वपूर्ण बैठक में सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए। जानकारी के अनुसार, जल्द ही प्रदेश की 70 विधानसभा सीटों में भी विस्तारकों की नियुक्तियां भी होनी हैं। हाईकमान के आदेश पर भाजपा की पहली कुमाऊं मंडल स्तर की समीक्षा बैठक भी रविवार को हुई। सुबह 10:30 बजे शुरू हुई बैठक देर शाम तक चली। इसमें जिलावार समीक्षा का क्रम चला। पहले जिलाध्यक्षों के साथ और फिर जिला प्रभारियों के साथ बैठक हुई। सूत्रों की मानें तो संगठन महामंत्री की ओर से पार्टी स्तर पर किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता के प्रति सचेत करने के साथ आपस में तालमेल बैठाने के लिए कहा गया। उन्होंने प्रभारियों और जिलाध्यक्षों से अलग-अलग गोपनीय बैठक कर लोकसभा चुनाव को लेकर मंथन किया। आने वाले पार्टी के कार्यक्रमों को लेकर दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में नैनीताल भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, अल्मोड़ा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, पिथौरागढ़ से गिरीश जोशी, काशीपुर से गुंजन सुखीजा, रानीखेत से लीला बिष्ट, चंपावत से निर्मल मेहरा, रूद्रपुर से कमल जिंदल, बागेश्वर से इंद्र सिंह फर्स्वाण के अलावा इन सभी जिलों के प्रभारी भी मौजूद रहे। इसके बाद जल्द ही गढ़वाल में भी जिलाध्यक्षों और प्रभारियों की बैठक होनी है। भाजपा के प्रदेश में करीब 4.30 लाख से अधिक पन्ना प्रमुख हैं। बूथ कमेटियां भी बना दी हैं। एक बूथ पर 11 लोगों की टीम है। अब जल्द ही पार्टी स्तर से बूथ कमेटियों के सम्मेलनों का भी आयोजन किया जाना है।

## पहाड़ से लेकर मैदान तक पड़ रही कड़ाके की ठंड

देहरादून। उत्तराखंड में मौसम लगातार ठंडा होता जा रहा है ।उत्तराखंड में शुष्क मौसम के बीच चटख धूप खिल रही है। जिससे अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक है, लेकिन सुबह-शाम सर्दी का सितम बढ़ गया है। पहाड़ से लेकर मैदान तक कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। दून समेत ज्यादातर क्षेत्रों में मौसम शुष्क है, लेकिन सुबह-शाम कड़ाके की ठंड सता रही है। लगातार बढ़ रही सर्दी के कारण जनजीवन प्रभावित है। हालांकि, दिन में चटख धूप खिल रही है, लेकिन शाम को सर्द हवाओं के साथ पारा गोता लगा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिन प्रदेश में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। पहाड़ों में पाला और मैदानी क्षेत्रों में कोहरा परेशानी बढ़ा सकता है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण आगामी 23 दिसंबर से मौसम का मिजाज बदल सकता है। चोटियों पर हिमपात और निचले इलाकों में बूंदाबांदी की आशंका है। उत्तराखंड में शुष्क मौसम के बीच चटख धूप खिल रही है। जिससे अधिकतम तापमान सामान्य से



अधिक है, लेकिन सुबह-शाम सर्दी का सितम बढ़ गया है। पहाड़ से लेकर मैदान तक कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। पर्वतीय क्षेत्रों में पाला और मैदानी क्षेत्रों में कोहरा छाने के कारण कंपकंपी बढ़ गई है। ज्यादातर क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस तक नीचे बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार प्रदेश में अगले कुछ दिन मौसम शुष्क बने रहने के आसार हैं। मैदानी क्षेत्र खासकर हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में कोहरा छाने की आशंका है। पर्वतीय क्षेत्रों में भारी मात्रा में पाला पड़ने को लेकर चेतावनी दी गई है। तापमान में मामूली गिरावट आ सकती है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रूद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

## बदमाशों ने युवती के हाथ से मोबाईल झपटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत सायं काम से घर वापस लौट रही एक युवती के हाथ से बाईक सवार अज्ञात युवक ने मोबाईल झपट लिया और फरार हो गया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में कल्याणी व्यू आवास विकास निवासी दिव्या पाण्डे पुत्री कमला पति ने कहा है कि गत 14 दिसम्बर को वह अपने कार्यालय में कार्य समाप्त कर फोन पर अपनी माता से बातचीत करते घर वापस लौट रही थी। मार्ग में एक होटल के पास बाईक सवार युवक उसके पास आया और उसके हाथ से मोबाईल झपट लिया जिससे वह नीचे गिर गई। तब तक युवक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कमरे से हजारों की नगदी व मोबाईल चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों ने ट्रांजिट कैंप विवेक नगर में विगत रात्रि एक घर में घुसकर कमरे में रखे दो मोबाईल तथा हजारों की नगदी चोरी कर ली। गंगाराम पुत्र राम प्रसाद निवासी बार्ड 9 विवेक नगर ट्रांजिट कैम्प ने बताया कि वह अपने पुत्र के साथ 18 दिसंबर को रात खाना खाकर सो गया था। सुबह जब वह उठा तो देखा कि उसका व उसके पुत्र का मोबाईल और 20,000 रुपए नगद कमरे में नही थे। कॉफी खोजवीन के बाद भी फोन व रुपयों का कही पता नहीं लगा। जिसे अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिये गये है।

किराये हेतु
रूद्रपुर में भगत सिंह चौक पर एक तीन मंजिला मकान ( बेसमेंट सहित ) किराये हेतु उपलब्ध है।
-सम्पर्क करें-
मो. 9012700007

# दबाव बढ़ने पर जंगली इलाकों की ओर दौड़ पड़ती है आबकारी

## बीस वर्षों में जरायम कारोबार की तस्वीर जस की तस

-मनोज श्रीवास्तव-

काशीपुर। अवैध कच्ची शराब के ठिकानों पर छापामार कार्यवाही करने से पूर्व कारोबारियों को बाकायदा इसकी भनक लग जाती है और वह सतर्क हो जाते हैं। यानी सांप भी मार दिया और लाठी भी नहीं टूटने दी वाली तर्ज पर यहां लगभग आबकारी का किरदार देखने को मिल रहा है। जातव्य है कि आबकारी ने जब भी छापामार कार्यवाही किया अधिकांश जंगली इलाकों में किया। भट्ठियां ध्वस्त करते हुए लहन नष्ट करना और अधिक से अधिक 100 लीटर के अंदर तक मौके से कच्ची शराब बरामद कर उपकरण कब्जे में लेते हुए एक अथवा दो लोगों के चालान कर देना बस कार्यवाही का कुल मिलाकर लब्बोलुआब होता है। जबकि हकीकत यह है कि खाईखेड़ा छोटी बरखेड़ी बड़ी बरखेड़ी रमपुरा समेत जसपुर के दर्जनों गांव ऐसे हैं जहां प्रतिदिन हजारों लीटर अवैध कच्ची शराब बनाई और सुरक्षित ठिकानों को भेजी जाती है। कच्ची शराब गड्ढा कॉलोनी मानपुर कुंडेश्वरी व कुंडा थाना क्षेत्र के तमाम गांवों के अलावा आईटीआई थाना क्षेत्र के खड़कपुर देवीपुरा में भी जमकर बेची जा रही है। यहां कुल मिलाकर लोगों का मानना यह है कि यदि जरायम कारोबार की जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारियों को नहीं है तो मुस्तैदी कैसी और है तो फिर कार्यवाही की औपचारिकता क्यूं? यह अपने आप में बड़ा सवाल है। फिलहाल समाज के एक प्रबुद्ध तबके का मानना है कि पिछले 20 वर्षों में अवैध कच्ची शराब के गैर कानूनी कारोबार को लेकर तस्वीर जस की तस है तो आगे भी प्रदेश को नशा मुक्त करने का सपना क्या वास्तव में पूरा हो सकेगा।

### नगर क्षेत्र में भी आबाद है कच्ची शराब के अड्डे

काशीपुर।ग्रामीण इलाकों के अलावा यहां नगर क्षेत्र में भी अवैध कच्ची शराब के तमाम सुरक्षित ठिकाने हैं। आबकारी की नाक के नीचे आबाद ठिकानों पर कारोबारी बड़े ही सलीके से अवैध कच्ची शराब के गैर कानूनी कार्य को अंजाम दे रहे हैं। टांडा उज्जैन पुलिस चौकी क्षेत्र में सूत्र बताते हैं कि दर्जनों स्थानों पर अवैध कच्ची शराब की खुलेआम बिक्री की जा रही है। रेलवे क्रॉसिंग के पास एक कुख्यात लंबे समय से कच्ची बेच रहा है तो वहीं दूसरी ओर शुगर फैक्ट्री के गेट पर भी बड़ी तादात में प्रतिदिन कच्ची शराब की बिक्री किए जाने की सूचना है। इसी तरह कोयले की प्लेटफार्म के आसपास भी कई घरों में कच्ची शराब बेची जाने की सूचना है।



### सिविल पुलिस का कार्य उत्कृष्ट

काशीपुर।जो काम आबकारी को करना चाहिए वह सिविल पुलिस कर रही है। एसएसपी के निर्देश पर नशे के खिलाफ जिले भर में चलाएं अभियान के क्रम में पुलिस आए दिन अवैध कच्ची शराब के कारोबारियों पर शिकंजा कसते हुए उन्हें सलाखों के पीछे करने का काम कर रही है। अवैध कच्ची शराब के ठिकानों पर दबिश दे रही है। लोगों का मानना है कि आबकारी यदि सिविल पुलिस के बराबर ही कदम से कदम मिलाकर कार्यवाही को अंजाम दे रही होती तो आज अवैध कच्ची शराब के गैर कानूनी धंधे का लगभग खात्मा हो चुका होता। हालात ऐसे हैं कि आबकारी का जाम मौजूद कार्यालय है यहां से 500 मीटर की दूरी पर भी अवैध कच्ची शराब की नाजायज अड्डे आबाद है।

### घरों में दबिश देने के नाम पर पल्ला झाड़ जाते हैं

काशीपुर। रामनगर रोड स्थित रमपुरा में अवैध कच्ची शराब का गैर कानूनी कारोबार कुटीर उद्योग के रूप में जड़ जमा चुका है। सैकड़ो की आबादी वाले इस गांव के अधिकांश परिवार अवैध कच्ची शराब के कारोबार पर आश्रित है। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित इस गांव में यदि कोई वाहन चालक अथवा मार्ग से होता हुआ राहगीर गुजरे तो उसे कच्ची शराब बड़ी ही आसानी से उपलब्ध है। रमपुरा में सड़क किनारे खुली दुकानों पर भी कच्ची शराब बेची जाने की सूचना है। मजे की बात तो यह है कि यहां के जनप्रतिनिधि भी अवैध कच्ची शराब के गैरकानूनी कारोबार में पूरी तरह लिप्त बताए जाते हैं लेकिन मजाल है कि आबकारी किसी भी घर में दबिश देकर इन पर नकेल कसने का काम करें।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत किए जा रहे कार्यों को 31 मार्च तक पूर्ण करें : सीएस

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सचिवालय में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि योजना के तहत 31 मार्च, 2024 तक फेज 1 और 2 के सभी कार्यों को पूर्ण करने की अंतिम तिथि है, इसके उपरांत राज्य को अपने वित्तीय संसाधनों से योजनाओं को पूर्ण करना होगा। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी सम्बन्धित विभाग अपने आपसी सामंजस्य से कार्यों में आ रही समस्याओं का निराकरण कर सभी कार्य निर्धारित समय पर पूरा करें। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों में माननीय सर्वोच्च न्यायालय अथवा उच्च न्यायालय के आदेश के कारण बाधाएं आ रही है, ऐसे मामलों में शीघ्र इंटरलोक्यूटरी एप्लीकेशन दाखिल की जाए, साथ ही अपने पक्ष को मजबूती से रखा जाए। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि गंभीर समस्या वाले मामलों में विशेष ध्यान देते हुए समस्या के निस्तारण का रास्ता निकाला जाए। सभी कार्यों को समय से पूर्ण किया जा सके इसके लिए रूटीन में फाइल चलाने के बजाय फाइलों का निस्तारण हाथों हाथ कराया जाए। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की भी समीक्षा की। मुख्य सचिव ने पीएम आवास योजना (ग्रामीण) में राष्ट्रीय रैंकिंग में प्रदेश की प्रथम रैंक आने पर अधिकारियों को बधाई देते हुए अपनी रैंक बरकरार रखे जाने की बात कही। मुख्य सचिव ने सभी प्रभागीय वन अधिकारियों को भी वन भूमि प्रकरणों को तेजी से निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने वन मुख्यालय स्तर पर आने वाले मामलों को तेजी से निस्तारित किए जाने के निर्देश भी दिए। सचिव श्रीमती राधिका झा ने बताया कि योजना के अंतर्गत सभी कार्य समय से पूर्ण कर लिए जाएंगे। विभाग द्वारा योजना में वित्तीय एवं भौतिक प्रगति बेहतर है। इस अवसर पर वन प्रमुख (हॉफ) श्री अनूप मलिक सहित अन्य उच्चाधिकारी एवं जनपदों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रभागीय वनाधिकारी उपस्थित थे।



## उत्तराखंड की ब्रांडिंग के लिए फिल्म शूटिंग नीति में संशोधन करेगी सरकार

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश की धामी सरकार नए साल में फिल्म नीति में संशोधन करने जा रही है। इस फिल्म नीति में प्रदेश की ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अब यदि किसी फिल्म, धारावाहिक और वेब सीरीज की कहानी में उत्तराखण्ड का जिक्र होता है और उसकी शूटिंग यहाँ होती है तो इसमें अतिरिक्त छूट दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के विजन के अनुरूप फिल्म नीति में प्रदेश की ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पहले फिल्म की शूटिंग तो उत्तराखण्ड में होती थी, लेकिन कहानी में इसे हिमाचल या जम्मू दिखाया जाता था, जिस कारण खूबसूरत लोकेशन होने के बावजूद प्रदेश की ब्रांडिंग सही तरीके से नहीं हो पाती थी। पिछले कुछ सालों में उत्तराखंड एक शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में उभरा है। बड़ी संख्या में फिल्म, धारावाहिक और वेब सीरीज की शूटिंग उत्तराखण्ड में हुई है। फिल्मों के जरिये देश-विदेश में राज्य की ब्रांडिंग हो, इस दिशा में भी मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित नई फिल्म नीति में प्रावधान किए हैं। पिछले वर्ष अक्षय कुमार की फिल्म ष्कठपुतलीष की शूटिंग मसूरी में हुई, लेकिन फिल्म में इस जगह को हिमाचल का कसौली दिखाया गया। सरकार ने नई फिल्म नीति के तहत किसी फिल्म, धारावाहिक और वेब सीरीज की शूटिंग उत्तराखण्ड में होती है और कहानी में प्रदेश का जिक्र है तो राज्य सरकार की तरफ से निर्देशक को अतिरिक्त छूट दी जाएगी।



## हादसे में ट्रक से घायल युवक की कटी टांग, मुकदमा दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। एक्सीडेंट के आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ आईटीआई पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर शिवलालपुर अमर झंडा निवासी गंगा राम पुत्र सोहन सिंह ने बताया कि बीते 19 अक्टूबर को उसका पुत्र अजय कुमार मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर से ड्यूटी पर जा रहा था इसी दौरान मार्ग में गुलड़िया गांव के पास ईंटों से भरे ट्रक संख्या यूपी 70 ईटी/8664 के चालक नाम पता अज्ञात ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाकर मोटरसाइकिल में जबरदस्त टक्कर मारते हुए उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस दौरान जब मौके पर भीड़ जमा होने लगी तो आरोपी चालक ट्रक मौके पर छोड़कर वहां से फरार हो गया। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि इस घटना में उसके पुत्र की हालत अत्यधिक नाजुक होने पर उसे मुरादाबाद रोड स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसकी दाईं टांग काट दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## पति से विवाद के बाद नव विवाहिता की संदिग्ध मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी थाना क्षेत्र में रहने वाले दंपत्ति के मध्य किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद पति ऑटो लेकर चला गया। उसके जाने के बाद उसकी नवविवाहिता पत्नी की हालत बिगड़ गई। उसे उपचार के लिए चिकित्सालय में ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंच कर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली था शव कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम हाउस भिजवाया। मृतका के दो आधार बनाए जाने का मामला भी सामने आया है। शव का पंचनामा भरते समय खुलासा हुआ कि उसके दो आधार कार्ड बने थे। मायके वाले आधार कार्ड में उसकी उम्र 17 वर्ष दर्ज थी जबकि ससुराल वाले आधार कार्ड में उम्र 18 वर्ष दर्ज थी। पुलिस अब मामले की तफ्तीश कर रही है। बताया जा रहा है कि महिला का पति देर तक सो रहा था। महिला उसे कई बार जगा चुकी थी। लेकिन वह नहीं उठ रहा था। बार-बार उठाने से तंग आकर पति-पत्नी में विवाद हो गया। इसके बाद पत्नी ने आत्मघाती कदम उठा लिया। मूलरूप से भैरव नगला बदायूं उत्तर प्रदेश निवासी युवती की शादी हल्द्वानी में ऑटो चलाने वाले बदायूं निवासी मनोज पाल से इसी वर्ष 29 मई 2023 को हुई थी। बताया जा रहा है कि मनोज सोमवार को दोपहर एक बजे तक सोता रहा। इस बीच उसकी पत्नी ने उसे कई बार जगाया लेकिन वह नहीं उठा। इस बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। फिर मनोज ऑटो लेकर बाजार को चला गया। इसी दौरान घरवालों ने मनोज को घर में उसकी पत्नी की हालत खराब हो जाने की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही मनोज तुरंत घर वापस लौट आया। महिला को गंभीर हालत में बेस अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विवाहिता का मजिस्ट्रेट के माध्यम से पंचायतनामा भरते समय जब आधार कार्ड मांगा तो एक नई बात सामने आई। महिला के दो आधार कार्ड परिवार वालों ने पेश किए। मायके में बने आधार कार्ड के अनुसार उसकी आयु 17 वर्ष है जबकि ससुराल में बने आधार कार्ड के अनुसार उसकी आयु 18 वर्ष है।तहसीलदार सचिन कुमार ने बताया कि मायके पक्ष की ओर से किसी तरह का कोई आरोप अभी नहीं लगाया गया है। न ही कोई तहरीर दी गई है। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामला संदिग्ध मानते हुए पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है।

# नई पीढ़ी के ऊर्जावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रही सरकार : धामी




## सीएम धामी ने किया राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ 2023 का उद्घाटन
## प्रदेश के 13 जनपदों के विजेता खिलाड़ियों को मिलेगा खेल किट



देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ का शुभारंभ कर प्रदेश के नई पीढ़ी के ऊर्जावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। खेल महाकुंभ का आयोजन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की बड़ी खेल प्रतियोगिताओं के लिए भी तैयार करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट प्रदान की जाएगी। हमारी सरकार का लक्ष्य है कि उत्तराखण्ड को खेल के क्षेत्र में टॉप 10 राज्यों की सूची में शामिल किया जाए। 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए राज्य में विभिन्न अवस्थापना सुविधाएं तैयार की जा रही हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ-2023 का उद्घाटन किया। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुब्बारे छोड़ कर सीएम धामी ने इस खेल महाकुंभ की शुरुआत की। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आप सभी जिस ऊर्जा और उत्साह के साथ यहां मौजूद हैं, उसे देखकर पता चलता है कि आप सभी इस आयोजन के लिए तैयार हैं। सीएम धामी ने कहा कि हमें राज्य में मेजबानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है... जाति, धर्म, लिंग और वित्तीय स्थिति के बावजूद कोई भी व्यक्ति पूरी तरह से अपनी प्रतिभा के आधार पर खेलों में भाग ले सकता है। भाग लेने वालों की संख्या नियमित रूप से बढ़ रही है, यह पहले ही पहुंच चुकी है 4 लाख और हमें विश्वास है कि यह जल्द ही 5 लाख का आंकड़ा छू लेगी। सीएम धामी ने कहा कि खेल महाकुंभ में महिला एथलीटों की भागीदारी सराहनीय है। इस मौके पर सीएम धामी ने प्रतिभागी बच्चों के साथ मुलाकात कर उत्साहवर्धन भी किया। इस दौरान खेल मंत्री श्रीमती रेखा आर्य ने 13 जनपदों से आए हुए खिलाड़ियों के साथ संवाद किया और उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि यह बताते हुए भी बेहद खुशी है कि इस वर्ष आयोजित हो रहे राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में जो भी खिलाड़ी राष्ट्रीय खेलों का रिकॉर्ड तोड़ेंगे, उन्हें 01 लाख रुपये की धनराशि से सम्मानित किया जाएगा। खेल मंत्री रेखा आर्य ने विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया जिसमें विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आज जितना महत्व शिक्षा का है उतना ही महत्व खेल का भी है, खेल हमें जीवन मे अनुशासन सिखाता है, खेल से जहां मन स्वस्थ्य होता है वहीं टीम भावना भी आती है। इस खेल महाकुंभ का उद्देश्य खिलाड़ियों को आगामी 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए तैयार करना है। नई खेल नीति के माध्यम से हमारी सरकार खेल के क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु पूर्णत: प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर रायपुर विधायक श्री उमेश शर्मा काऊ, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, निदेशक जितेंद्र सोनकर सहित समस्त अधिकारी, कर्मचारी और सभी जनपदों से आए हुए प्रतिभागी खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण और डस्टबिन फ्री सिटी की दिशा में कार्य किया जाए : मुख्य सचिव

## सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए, कूड़ा फेंकने वालों की फोटो भेजने पर दें ईनाम

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने मंगलवार को सचिवालय में प्रदेश में सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम के तहत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सोलिड वेस्ट के 100 प्रतिशत निस्तारण के लक्ष्य प्राप्ति के लिए डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण एवं डस्टबिन फ्री सिटी की दिशा में कार्य किया जाए। मुख्य सचिव ने अगले 15 दिनों में प्रदेश में विश्वस्तरीय सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम प्रणाली विकसित हेतु एक आदर्श प्लान प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस योजना के लिए बजट की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। विभिन्न योजनाओं से योजना पर कार्य करने के बाद गैप फंडिंग के लिये स्टेट बजट से प्रावधान किया जाएगा। मुख्य सचिव ने प्रदेशभर में विभिन्न स्थानों से लेगेसी वेस्ट को भी शीघ्र हटाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लेगेसी वेस्ट हटाए जाने के बाद खघली पड़ी भूमि का अधिकतम उपयोग हो सके इसके लिए स्थानीय आवश्यकताओं एवं परिस्थितियों के अनुरूप भूमि उपयोग की योजना तैयार की जाए। मुख्य सचिव ने प्रदेशभर को अगले 15 दिनों में डस्टबिन फ्री किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए कूड़ा उठाने वाले वाहनों की जितनी भी आवश्यकता होगी उसके लिए बजट उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही मैन पावर भी बढ़ाई जाएगी। उन्होंने जागरूकता के लिए भी योजना संचालित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। लोगों को भी योजना में शामिल करते हुए कूड़ा फेंकने वाले की फोटो भेजने वालों को कूड़ा फेंकने वाले पर लगे चालान की रकम का 50% इनाम दिया जाए। इस अवसर पर अपर सचिव श्री नितिन भदौरिया एवं सदस्य सचिव उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड श्री सुशांत पटनायक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# सीएम ने किया सचिवालय में स्थापित कैन्टीन का शुभारम्भ

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय परिसर में गढ़वाल मण्डल विकास निगम द्वारा स्थापित कैन्टीन का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जी.एम.वी.एन. द्वारा प्रकाशित कॉफी टेबल बुक ''दि होली गंगा'' का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सचिवालय परिसर में जी.एम.वी.एन. की कैन्टीन खुलने से सचिवालय कार्मिकों के साथ प्रदेश के



विभिन्न क्षेत्रों से सचिवालय आने वाले आगन्तुकों को भी जलपान व भोजन आदि की अच्छी सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने जी.एम.वी.एन. को कैन्टीन के माध्यम से लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जी.एम.वी.एन. के प्रबंध निदेशक श्री विनोद गिरी गोस्वामी ने मुख्यमंत्री को जी.एम.वी.एन. द्वारा संचालित कार्यकलापों की जानकारी दी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी सहित जी.एम.वी.एन. के अधिकारीगण उपस्थित थे।



# पालिकाध्यक्ष के लिए किच्छा में दावेदारों की लंबी फेहरिस्त

## भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों में टिकट के लिए होगी मारामारी

–कैलाश पंडित–



सामान्य सीट होने पर कांग्रेस के दावेदार



सामान्य सीट होने पर भाजपा के दावेदार

किच्छा। नगर पालिका किच्छा की सामान्य सीट रहने की संभावना पर भाजपा और कांग्रेस के कद्दावर नेता पार्टी का टिकट पाने के लिए जी जान से जुट गए हैं। वहीं ओबीसी और एस सी के नेता भी अपनी–अपनी गोटियां बिछाने में मशगूल हो गए हैं। सामान्य सीट होने पर जहां नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद हेतु टिकट मांगने वालों में भाजपा के दिनेश भाटिया, सुभाष तनेजा, सोनू सभासद ,राजीव सक्सेना, राकेश गुप्ता, लवी सहगल के अलावा नगर मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना के अतिरिक्त एक दर्जन से भी अधिक दावेदारों की लिस्ट मौजूद है। तो वही सामान्य स्थिति में यह लिस्ट ओबीसी और एससी को मिलाकर सैकड़ों का आंकड़ा पार कर जाएगी ऐसी स्थिति में भारतीय जनता पार्टी के लिए स्थानीय निकाय के प्रत्याशी का चुनाव करना बड़ा ही पेचीदा मसला बन जाएगा। संभावित प्रत्याशियों में भाजपा के सामान्य स्थिति में जितने भी चेहरे सामने आ रहे हैं कहीं ना कहीं प्रत्येक चेहरे का पार्टी में अपना अलग ही वजूद है इसी वजूद के चलते पार्टी में पकड़ रखने वाले कई वरिष्ठ नेता जिसमे पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ,विपिन जल्होत्रा, राजीव, तिवारी, धर्म राज जायसवाल भी शामिल हैं का अपना भी दबदबा कायम है। ऐसे में अपने–अपने चहेतों को पार्टी का टिकट दिलाने की होड़ भी मचेगी। यहीं हाल अपना वजूद ढूंढ रही कांग्रेस का भी है। कांग्रेस में अभी सामान्य स्थिति में टिकट मांगने वालों की एक लंबी लिस्ट है जिसमें ओमप्रकाश दुआ, राजकुमार बजाज, अरुण ,तनेजा नजाकत खान, एन यू खान, संजीव सिंह, बंटी पपनेजा, सहित दर्जन भर पार्टी कार्यकर्ता मौजूद है वही कांग्रेस के नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी मजबूत दावेदारी कर सकते है जबकि निवर्तमान पालिका अध्यक्ष भी सामान्य सीट की स्थिति मै भी अपना दबदबा बनाए हुए है। सामान्य स्थिति मै कोई भी दावे दारी कर सकता है तथा पार्टी भी जीताऊ प्रत्याशी को ही टिकट देना चाहेंगी। **क्रमशः**

# इनवेस्टमेंट एमओयू के प्रस्तावों को धरातल पर उतारना उच्चाधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी

## प्रति सप्ताह मुख्य सचिव तथा प्रतिमाह मुख्यमंत्री स्वयं ही इसकी गहनता से समीक्षा करेंगे





देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में शासन के उच्चाधिकारियों के साथ उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हुए एमओयू के ग्राउंडिंग की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि एमओयू को धरातल पर उतारना हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा के साथ उनसे सुझाव भी लिए तथा निर्देश दिए कि 15 फरवरी तक अधिक से अधिक प्रस्तावों की ग्राउंडिंग हो। प्रति सप्ताह मुख्य सचिव तथा प्रतिमाह मुख्यमंत्री स्वयं ही इसकी गहनता से समीक्षा करेंगे। बैठक में बताया गया कि इन्वेस्टर्स समिट में विभिन्न विभागों से सम्बन्धित 3.56 लाख करोड़ रुपए के 1779 एमओयू हस्ताक्षरित हुए हैं जिनमें ऊर्जा के क्षेत्र में 1.03 लाख करोड़ रुपए के 157 तथा उद्योग विभाग से सम्बंधित 78 हजार करोड़ रुपए के 658 करार शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने इन्वेस्टर्स समिट के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए निर्देशों का भी अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए हम सबके प्रयासों को हर क्षेत्र में सराहा गया है। अब हम सबका दायित्व है कि इन्हें राज्य हित में जमीनी हकीकत में बदला जाए। मुख्यमंत्री ने लोकल उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में भी प्रभावी कार्य योजना बनाने को कहा। सौर ऊर्जा क्षेत्र में निवेश प्रस्तावों पर भी विशेष ध्यान देने पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने सौर ऊर्जा नीति के तहत अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के प्रयासों पर भी ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि हमारे लिए छोटे निवेशक भी महत्वपूर्ण हैं। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से मानवीयता तथा शिष्टता के साथ देवभूमि के आचरण के अनुकूल व्यवहार पर भी ध्यान देने को कहा, तभी अधिक से अधिक उद्यमी राज्य में निवेश के प्रति आकर्षित होंगे।

# प्रांतीय अधिवेशन में रोडवेज कर्मियों ने उठाए कई मुद्दे



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के कुमाऊ क्षेत्र का डिपो में प्रांतीय अधिवेशन आयोजित हुआ जिसमे यूनियन पदाधिकारियों व वक्ताओं ने कर्मचारियों की अनेक समस्याओं को उठाते हुए शासन प्रशासन था निगम प्रबंधन से समाधान करने की मांग की।अधिवेशन में कर्मचारी समस्याओं और विभाग हित की समस्याओं पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने निगम प्रबंधन पर आरोप लगाया कि परिवहन निगम के लिये अभी तक बस बेड़ा उपलब्ध नही कराया है और अनुबंधित बसों के बेड़ा लगातार बढ़ रहा है जो निगम को धीरे–धीरे दीमक की तरह लग कर खत्म कर रहा है। उन्होंने परिवहन निगम में पुनः एजेंसी प्रथा के टेंडर होने का विरोध किया। अधिवेशन में जिन समस्याओं पर चर्चा हुई उनमें यूनियन के साथ समझौते के अनुरूप विभागीय बस बेड़ा शीघ्र बढ़ाये जाने, सीएनजी बसों की अपेक्षा संचालन में निगम की बसों को प्राथमिकता देने, एजेंसी को विभाग में पुनः लाने और अनुबंधित बसों पर रोक लगाने,बस के मार्ग में होबे वाले ब्रेक डाउन हेतु डिपो में इसका रिकार्ड रखे जाने, बंद पड़े पर्वतीय और मैदानी मार्गो में बसों का संचालन पुनः शुरू करने, कर्मचारियों के परिचय पत्र, ईएसआई कार्ड और गोल्डन कार्ड जल्द उपलब्ध कराने, सीएनजी बसों को बस स्टेशन पर समय के अनुरूप ही मंगाये जाने, यात्रियो की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुऐ अनुबंधित सीएनजी और वाल्वो बसों में एक ही चालको द्वारा डबल ड्यूटी की जा रही है इसके लिये हर डिपो में समीक्षा करने,1900 से 2400 ग्रेड पे को पूर्व की तरह बहाल करने, दिल्ली/देहरादून मार्ग में अनुवंधित ढाबे की बाध्यता समाप्त करने, ढाबो मालिको की मनमानी के खिलाफ अन्य ढाबो का भी अनुबंध करने, कुमाऊँ मंडल के सभी डिपो में स्पेयर पाटर्स की पूर्ति करना शामिल हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष कमल पपने ने तथा संचालन एलडी पालीवाल ने किया। इस दौरान प्रांतीय महामंत्री अशोक चौधरी, प्रांतीय संयुक्त मंत्री रघुवीर चौधरी, मंडलीय मंत्री गोपेश्वर श्रीवास्तव, शाखा मंत्री रुद्रपुर डिपो मनिंदर सिंह, प्रदीप शर्मा, जलील अहमद, आंनद बिष्ट, कैलाश कांडपाल, इकबाल अहमद, अख्तर चौधरी, जयप्रकाश, इमरान , सुरजीत पहलवान, राजेश यादव, भूपेंद्र राठी, मुकेश शर्मा, मनोज भट्ट, कमल धामा, जावेद अली, दिनेश दुमका, मो. शाहिद, वाईपी काम्टे, संदीप कुमार, भूपेंद्र सिंह, दिनेश जोशी, राजवीर सिंह, नरेश पाल, सूरज बाबू, हरदयाल सिंह, भीम सिंह, सुखदेव सिंह सहित देहरादून मंडल कुमाऊँ मंडल टनकपुर मंडल के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# नगर पालिका के आउटसोर्स कर्मियों ने किया कार्य बहिष्कार

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर पालिका परिषद में आउटसोर्स से भर्ती कर्मचारियों ने देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले नगर पालिका परिसर में जिलाध्यक्ष विनोद कुमार के नेतृत्व में कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार किया तथा नगर पालिका के कर्मचारी ठेकेदार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की । कार्य बहिष्कार कर रहे कर्मचारियों का कहना था कि डोर टू डोर हेल्परों व आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों को प्रति सफाई झाड़ू भत्ता जो कि पूर्व में दिया जा रहा था अब ठेकेदार द्वारा बंद कर दिया गया है जबकि नगर पालिका द्वारा पूर्ण रूप से भुगतान किया जा रहा है जिसको लेकर के आज कार्य बहिष्कार करके विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने धरना स्थल पर उपस्थित सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा दैनिक वेतन भोगी मजदूरों को अतिरिक्त 500 दिया जाता है जो कि नगर पालिका द्वारा ठेकेदार को भुगतान किया जा रहा है किंतु ठेकेदार द्वारा दैनिक वेतन भोगी संविदा कर्मचारियों को भुगतान नहीं किया जा रहा है जो कि नगर पालिका के नियमों का खुला उल्लंघन है जिस वजह से कार्य बहिष्कार करने के लिए कर्मचारियों को मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने कहा कि जब तक कर्मचारियों की मांगें नहीं मानी जाती हैं कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। इस मौके पर नितिन चरन, राहुल कुमार,शिलाश दास, विवेक चरन,अरुण कुमार, गौरव बाबू,बिट्टन, प्रदीप कुमार, राजेश कुमार, अंकित कुमार, सौरभ कुमार,उमेश, अमित,रवि प्रकाश, राकेश भारती, मोहित, मोहन लाल, सुरेश, सुन्दरी, सपना, रजनी, मीना, संजय कुमार, राहुल वाल्मीकि, ऋषिपाल, विक्की वाल्मीकि, कुलदीप, हरीश कोली, रिंकू आदि कर्मचारी मौजूद रहे।





# राज्यपाल ने किया 'दून स्वच्छता संगोष्ठी रिपोर्ट-2023' का अनावरण

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को राजभवन में छावनी परिषद, देहरादून की "दून स्वच्छता संगोष्ठी रिपोर्ट-2023" का अनावरण किया। यह रिपोर्ट देहरादून छावनी परिषद द्वारा आयोजित प्रथम स्वच्छता चौपाल पर आधारित है। फरवरी माह में आयोजित इस संगोष्ठी में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में कार्य कर रही देशभर की 51 कंपनियों, स्टार्टअप और स्वयं सहायता समूहों ने प्रतिभाग कर अपशिष्ट प्रबंधन में अपने उत्पादों और प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन किया था। इस रिपोर्ट में उत्तराखंड में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता प्रौद्योगिकी और विकल्प: अवसर व चुनौतियां और स्वच्छता स्टार्टअप व इनोवेशन का उभरता हुआ परिदृश्य आदि विषयों पर



प्रकाश डाला गया है। साथ ही संगोष्ठी में आयोजित परिचर्चाओं को भी सम्मिलित किया गया है। राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि यह एक सराहनीय पहल है और इस डॉक्यूमेंट को सभी निकायों और जनप्रतिनिधियों को प्रेषित किया जाय। उन्होंने कहा कि यह अभियान यहीं नहीं रुकना चाहिए, इस तरह के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएं। चर्चा के दौरान राज्यपाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन हरिद्वार में भी आयोजित किए जाएं, जिससे वहां पर लोग स्वच्छता के प्रति अधिक जागरूक हो सकें। हरिद्वार में साल भर में करोड़ों श्रद्धालु आते हैं यदि हम हरिद्वार को स्वच्छ और साफ-सुथरा रखेंगे तो यहां आने वाला प्रत्येक पर्यटक एक सकारात्मक छवि लेकर जाएगा। उन्होंने इस दिशा में विशेष प्रयास की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित सीएसआर का सहयोग लिया जाय। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन पर्यटन को आगे बढ़ाने के लिए हमें हमारे पर्यटक स्थलों पर साफ-सफाई रखना बेहद जरूरी है। हमारे धार्मिक एवं पर्यटक स्थल प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में और अधिक वृद्धि होगी, जिसके जरिए प्रदेश की आर्थिकी में भी वृद्धि होगी। इस अवसर पर कैंट बोर्ड के अध्यक्ष ब्रिगेडियर संजोग नेगी, सीईओ अभिनव सिंह और सामाजिक कार्यकर्ता अनूप नौटियाल उपस्थित रहे।

# अबोध बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी वृद्ध को बीस वर्ष का कठोर कारावास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। 7 वर्षीय अबोध बालिका के साथ गलत काम करने वाले 77 वर्षीय वृद्ध को पॉक्सो न्यायाधीश अश्वनी गौड ने 20 वर्ष के कठोर कारावास व 20 हजार रूपए जुर्माने की सजा सुनाते हुए जेल भेज दिया। विशेष अभियोजन अधिकारी विकास गुप्ता ने बताया है कि महानगर रूद्रपुर के वार्ड 37 रविन्द्र नगर निवासी एक महिला ने 7 दिसम्बर 2021 की रात 8.30 बजे ट्राजिंट कैम्प थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा था कि उनकी 7 वर्षीय अबोध पुत्री शाम खाना नही खा रही थी और गुमसुम थी।बार बार कहने के बाद जब डांटा तो रोते हुए बच्ची ने कहा कि उसके साथ खेलने वाले पडोसी अमन के दादा उसे पुचकारते हुए अपने घर ले गए जहां उन्होने अपनी पोती से रजाई मंगाई,पोती को उन्होने कोने में सुला दिया और उसे अपने पास लिटा लिया,दादा ने उसके साथ गंदी हरकतें की और गलत काम करने का प्रयास किया। पुलिस ने धारा 376 आईपीसी एंव 5/6 पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी,विवेचना अधिकारी ने अगले ही दिन 8-12-2021 की शाम करीब 5 बजे आरोपी हेतराम (77 वर्ष) पुत्र नेकराम को शिवनगर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरूद्व पॉक्सो न्यायाधीश अश्वनी गौड की कोर्ट में मुकदमा चला जिसमें एडीजीसी विकास गुप्ता ने 6 गवाह पेशकर आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद मंगलवार को पॉक्सो न्यायाधीश अश्वनी गौड ने 20 वर्ष के कठोर कारावास व 20 हजार रूपए जुर्माने की सजा सुना दी,उन्होने कहा कि जुर्माने की राशि पीडिता बच्ची को मिलेगी साथ ही सरकार को कहा कि बच्ची को क्षतिपूर्ति निधि के रूप में 3 लाख रूपए दिए जाएं।

# चीनी मिल वार्षिक साधारण बैठक में उठे कई मुद्दे

किच्छा(उद संवाददाता)। किच्छा शुगर चीनी मिल की वार्षिक साधारण बैठक मिल के अतिथि गृह के प्रांगण में तमाम कृषकों एवं चीनी मिल कर्मचारियों के बीच कृषक डी एन भाई मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें किसानों एवं मिल की तमाम समस्याओं को लेकर दर्जनों प्रस्तावों पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही चीनी मिल के घाटे से उबारने के लिए ठोस रणनीति बनाने पर सहमति व्यक्ति की गई। बैठक में कृषकों की मांग थी कि चीनी मिल का पेराई सत्र प्रत्येक वर्ष 15 नवंबर से पहले प्रारंभ कर दिया जाए। जिस जिस सभी किसानों ने एक स्वर में सहमति प्रदान की तथा मिल प्रबंधन तंत्र से अगले सत्र में इस पर



कार्यवाही करने की मांग की। बैठक में ग्रॉस सकल हानि 307 करोड़ का मुद्दा छाया रहा। किसानों का कहना था कि किच्छा शुगर चीनी मिल कभी भी घाटे की मिल नहीं साबित हुई किंतु वर्तमान में चीनी मिल का ग्रोष सकल घाट 307 करोड रुपए कैसे हो गया। इस पर मिल प्रबंधन तंत्र ने अवगत कराया कि सरकार द्वारा 119 करोड़ रूपया मिल को ऋण पर दिया गया है जिसका 223 करोड़ रूपया ब्याज है। बैठक में अधिशासी निदेशक त्रिलोक से मार्तोलिया सरकार द्वारा चुने हुए स्वतंत्र निदेशक धर्मेंद्र, देवी देवी दत्त राणा, के अलावा किसान अजय सिंह, विनोद पंत,देवेंद्र सिंह, नारायण सिंह बिष्ट, वीर मानवेंद्र सिंह, सुरेश पपनेजा, मोहम्मद यासीन,रणजीत सिंह ताहिर मलिक, चौधरी सत्येंद्र सिंह ,अली हुसैन सहित दर्जनों किसान मौजूद थे।

# सभी जिलों को कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए जारी की एडवाइजरी

देहरादून(उद संवाददाता)। केरल में कोरोना का नया वैरिएंट जेएन.1 मिलने के बाद उत्तराखंड भी सतर्क हो गया है। संदिग्ध लक्षणों वाले व्यक्ति की जांच और निगरानी को लेकर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को एसओपी जारी कर एहतियात के तौर पर सभी अस्पतालों को अलर्ट किया हैं। सोमवार को केंद्र सरकार ने केरल में कोरोना का नया मामला सामने आने के बाद सभी राज्यों को जांच और निगरानी बढ़ाने के दिशानिर्देश जारी किए हैं। केंद्र की गाइडलाइन पर प्रदेश सरकार भी सभी जिलों को कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए दिशानिर्देश जारी कर सकती है। वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य अधिकारी डॉ. पंकज सिंह ने बताया कि केरल में कोरोना का नया वैरिएंट मिला है। इसे लेकर केंद्र सरकार ने दिशानिर्देश जारी किए हैं। हालांकि प्रदेश में अभी तक कोरोना के नए वैरिएंट से संबंधित कोई मामला नहीं है। एहतियात के तौर पर जिलों को निगरानी और जांच के संबंध में पूर्व की भांति दिशानिर्देश दिए जाएंगे।

# ऑनलाइन संस्कृत संगोष्ठी का समापन

नानकमत्त(उद संवाददाता)। उत्तराखंड संस्कृत अकादमी हरिद्वार द्वारा आयोजित महाकवि कालिदास मास महोत्सव के उपलक्ष्य में ऊधमसिंहनगर नगर जनपद में ऑनलाइनष्कालिदासस्य ग्रन्थेषु सामाजिकं शैक्षिकन्च चिन्तनंष विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ प्रकाश चन्द्र पन्त उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार ने कहा कि कालिदास ने अपनी कृतियों में समाज एवं शिक्षा पर जोर दिया है जो की आधुनिक काव्य समाज के लिए प्रेरणादायी है। लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रोफेसर परमेश कुमार शर्मा ने कहा कि कालिदास के ग्रन्थों में निहित समाज एवं शिक्षा पर अध्ययन करके आत्मसात करने की हमें नितांत जरूरत है। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक श्री अमर चंद्र शर्मा थाना कनखल हरिद्वार ने कहा की संस्कृत हमारी गौरव है यह ज्ञान विज्ञान की भाषा है इसका संरक्षण करना हम सभी का परम दायित्व है उत्तराखंड संस्कृत अकादमी संस्कृत भाषा के संरक्षण के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है जो की सराहनीय है ।विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर जया तिवारी ,कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने संस्कृत भाषा की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए कहा की संस्कृत हमारी ज्ञान- विज्ञान की कुंजी है इसका संरक्षण संवर्धन करने के लिए अकादमी प्रयास कर रही है जो की प्रशंसनीय। है डॉ इंदुबाला गुरुनानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय नानकमत्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संगोष्ठी में राज्य संयोजक डॉ हरिश्चंद्र गुरुरानी,जगदीश पांडे ,सागर खेमरिया ,डॉ प्रियदर्शनी पन्त, डॉ राम रतन खंडेवाल गरीबदासी साधु संस्कृत महाविद्यालय हरिद्वार ,नीरज पंत, पंकज सिंह , नीमा गोस्वामी, कमला भट्ट ,हर्षित पोखरिया और नंदिनी राणा सहित तमाम संस्कृत के विद्वान संस्कृत अनुरागी छात्र- छात्राऐं उपस्थित थे ।कार्यक्रम का संचालन जनपद संयोजक डॉ मनोज कुमार जोशी एवं संगोष्ठी का तकनीकी कार्य का संपादन जनपद सहसंयोजिका श्रीमती पूजा जोशी ने किया।

# आयुष्मान एवं आधार कार्ड बनाने के लिए लगाया शिविर

गदरपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नं. 9 पंजाबी कॉलोनी गली में स्वास्थ्य टीम द्वारा आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी कार्ड बनाने का शिविर आयोजित किया गया। बुधवार को आयोजित शिविर का शुभारंभ पूर्व सभासद मीनाक्षी देवी द्वारा किया गया। शिविर में करीब पांच दर्जन से अधिक कार्ड बनाए गए। इस दौरान टीम ने बताया कि प्रत्येक आयुष्मान कार्डधारक परिवारों को शासकीय और अधिकृत प्राइवेट अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाती है। इलाज के दौरान होने वाले खर्च का वहन सरकार द्वारा किया जाता है। इलाज की सुविधा प्राप्त करने के लिए प्रत्येक राशनकार्ड धारक परिवारों को



आयुष्मान कार्ड बनवाने की सलाह दी।इस दौरान पूर्व सभासद मीनाक्षी देवी ने लोगो को आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी कार्ड बनवाने का आव्हान किया। इस मौके पर स्वास्थ विभाग से ए.एन.एम. सीमा शाह, वार्ड की आशा सुमन चतुर्वेदी, अजय, विशाल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती गीता सक्सेना पूर्व सभासद प्रतिनिधि रवि, मंगत गाबा, राजकुमार कालड़ा, नितिन रस्तोगी, मुकेश पाल, अशोक सुधा, सनी बजाज सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।




## पेज एक का शेष...

**बाघ के हमले में..**आदमखोर शव को अपने साथ ले जा रहा था तभी साथी महिलाओं और खेत में काम कर रहे पिता की नजर उस पर पड़ी। उन्होंने तुरंत शोर मचाया तो आदमखोर भाग गया। सभी लोग सामान मौके पर ही फेंक कर दौड़ पड़े। डीएफओ चंद्रशेखर जोशी का कहना कि हमलावर गुलदार था या बाघ यह जांच के बाद ही पता चल पाएगा। इस क्षेत्र में कोई कैमरा और पिंजरा नहीं लगा था। जल्द यहां भी कैमरे व पिंजरे लगाए जाएंगे। मौके पर 15 लोगों की टीम मौजूद है। ग्रामीणों से जंगल में नहीं जाने की अपील की जा रही है।

**नशे के इंजेक्शनों के...**भागने लगे। पुलिस कर्मियों ने एक व्यक्ति को दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता सतविन्दर सिंह पुत्र जोगेन्दर सिंह निवासी पीली कोठी शिवनगर बताया। उसके पास मोटरसाईकिल संख्या यूके 06 एक्यू 0387 पर टंगे थैले में कुल 72 नशे के इंजेक्शन बरामद हुए। पूछताछ में सतविन्दर ने बताया कि वह अपने दो भाईयों अमरजीत व सुरेन्दर के साथ मिलकर युवको को नशे के इंजेक्शन बेचता है। यह मोटर साईकिल उसके दोस्त की है। टीम ने इंजेक्शन व मोटर साईकिल कब्जे में लेकर सतविन्दर तथा उसके दोनों भाईयों अमरजीत व सुरेन्दर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# ग्रामीणों को दिलाई हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विकासखण्ड काशीपुर के ग्राम पंचायत दभौरा मुस्तकम मे लाभार्थीपरक योजनाओ के संतुप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियो तक समयबद्ध रूप से पहुचांने हेतु विकसित भारत संकल्प



यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम मे 188 पुरुष 197 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित 385 लाभार्थियो द्वारा हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ ली गयी। विभागीय अधिकारियो द्वारा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लाभार्थियो को समस्त विभागो की जन कल्याणकारी योजनाओ से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी तथा योजनाओ का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया एवं मौके पर लाभार्थियो को सम्बन्धित विभागो द्वारा राजसहायता पर निवेशों/सामग्रियो का विवरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान 10 द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी का अनुभव सांझा किया गया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# पूजित अक्षत का स्वागत कर निकाली भव्य शोभा यात्रा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रभु श्री राम मंदिर अयोध्या धाम से आये पूजित अक्षत का प्रखंड रुद्रपुर मे पहुंचने पर खाटू श्याम मंदिर गल्ला मंडी मे उपस्थित विश्व हिंदू परिषद के पदाधि





कारियों व कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ व सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा व जयघोषो के साथ जोरदार स्वागत किया गया। जिसके पश्चात गल्ला मंडी से सभी कार्यकर्ता एवं धर्मप्रेमी जनता ने एकत्र होकर शोभायात्रा के रूप में पूजित अक्षत के साथ भ्रमण करते हुए नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली।जो भगत सिंह चौक, मेन बाजार, बाटा चौक से गांधी पार्क होते हुए संघ कार्यालय में पहुंची। जहां पवित्र पूजित अक्षत रखे गए। जिला मंत्री राजेंद्र मेहरा ने बताया कि यह पूजित अक्षतों से सभी को राम मंदिर जिसका 22 तारीख को भव्य निर्माण होने जा रहा है उसको आमंत्रण देने के लिए घर-घर भेजा जाएगा। उसी के तहत यह उचित अक्षत आज रुद्रपुर पहुंचे हैं। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री उमा कांत,राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक जितेंद्र, जिला मंत्री राजेंद्र मेहरा, जिला अध्यक्ष रविंद्र पाल सिंह, विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, शैली बंसल,जिला धर्म प्रसार प्रमुख सुलतान सिंह,बजरंग दल प्रखंड संयोजक किच्छा मोंटी शर्मा,अंशु श्रीवास्तव, जोगेन्द्र सिंह चौहान, शिव अरोरा, मनीष कश्यप, अमन कश्यप, प्रमोद कश्यप, राकेश कश्यप, सरिता चौधरी, सुभाष डोगरा, संदीप धीर,जोगेंद्र ठाकुर, वीरेंद्र यादव, अजय पाल,रमेश पाल, प्रीत ग्रोवर, राजेश चौहान, सुधाकर द्विवेदी, संजय ठुकराल, बिट्टू शर्मा, प्रमोद शर्मा, सुनील ठुकराल, ललित बिष्ट, राज कोली, अजय मौर्य, महेश विश्वास, अनमोल गंगवार, भुवन जोशी, लखन पंडित, पुलक सरकार, पुनीत पाल, अंकित सिंह, अनमोल मिश्रा, हरीश यादव,अंजू रामपाल, अर्चना, सरिता चौधरी, पूनम त्यागी, शशि शुक्ला, ममता जीना आदि सहित सैकड़ों श्रद्धालु थे।

# तमंचा कारतूस के साथ स्मैक ले जाते दो तस्कर दबोचे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एंटी ड्रग्स टास्क फोर्स टीम तथा बनभूलपुरा थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए चौकिंग के दौरान दो व्यक्तियों को 22 ग्राम अवैध स्मैक व एक अवैध तमंचे 12 बोर व एक कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक बलवंत कंबोज जिला एएनटीएफ के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चोर गलियां फाटक से गोला पुल की ओर चेकिंग के दौरान दो व्यक्तियों को मोटरसाइकिल से स्मैक तथा एक अवैध तमंचे कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता मनोज कश्यप पुत्र चेतराम कश्यप निवासी लाल



डांट रोड संतोषी माता मंदिर बिटोरिया नंबर 1 पोस्ट हरीपुर नायक थाना मुखानी तथा आकाश कुमार पुत्र कन्हैया लाल निवासी लाल डांटरोड निकट संतोषी माता मंदिर बिटोरिया नंबर 1 पोस्ट हरीपुर नायक थाना मुखानी बताया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से कुल 22 ग्राम अवैध स्मैक, एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया गया। पाइल्स ने दोनों के विरूद्ध थाना बनभूलपुरा में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में उपनिरी. अनिल कुमार थाना बनभूलपुरा, कानि. अमनदीपसिंह एनटीएफ,सोनू सिंह एनटीएफ तथा कानि.मुन्ना सिंह थाना बनभूलपुरा शामिल थे।

# मटके वाली गली में अतिक्रमण से लोग परेशान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य बाजार स्थित मटके वाली गली में अतिक्रमण से जहां आवागमन बाधित हो रहा है वहीं व्यापारियों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गली के कई व्यापारियों ने अपना दुकान सड़क पर सजा रखा है। इन दुकानदारों में सामान को सड़क पर रखने की होड़ लगी हुयी है। जिसके चलते अकसर



इस गली में जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे गली में लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। गली के कई व्यापारियों ने अतिक्रमण के खिलाफ अब मोर्चा खोलने का मन बना लिया है। व्यापारियों का कहना है कि जल्द ही दुकानदारों ने अपना सामान सड़क से नहीं हटाया तो इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की जायेगी।

# सचिव ने किया केन्द्र पोषित योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड सरकार के सचिव कृषि एवं कृषक कल्याण दीपेन्द्र चौधरी ने जनपद में कृषि एवं उद्यान विभाग द्वारा जनपद में क्रियान्वित की जा रही केन्द्र पोषित योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय उनके साथ संयुक्त कृषि निदेशक पी०केसिंह, उप कृषि निदेशक डॉ० अभय सक्सेना, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ० अजय कुमार वर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी श्रीमती भावना जोशी, कृषि रक्षा अधिकारी विधि उपाध्याय, कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, काशीपुर डॉ० शशी कमल एवं कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, रूद्रपुर अमित कुमार के साथ-साथ क्षेत्रीय कृषक भी उपस्थित थे। सर्वप्रथम सचिव, कृषि एवं कृषक कल्याण, उत्तराखण्ड शासन द्वारा विकासखण्ड रूद्रपुर के ग्राम मलसी में विभाग द्वारा समाम योजना के अन्तर्गत जय किसान स्वयं सहायता समूह को फार्म मशीनरी



बैंक का स्थलीय निरीक्षण किया गया। समूह के अध्यक्ष पतिराम द्वारा अवगत कराया गया कि समूह को योजनान्तर्गत कृषि यंत्र मिलने से ग्रामवासियों को काफी सुविधा हो रही है तथा यंत्रों का उपयोग क्षेत्र के कृषकों के प्रक्षेत्रों में किया जा रहा है। अध्यक्ष ने बताया कि यंत्रों से जो आय प्राप्त हो रही है, उसका उपयोग यंत्रों के रख-रखाव में ही किया जाता है। इसके उपरान्त सचिव ने विकासखण्ड, रूद्रपुर के ग्राम सैंजनी में विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 में समाम योजना के अन्तर्गत प्रदीप वर्मा के पिता को ट्रैक्टर की चाबी सौंपी। सचिव ने भ्रमण के दौरान ग्राम पटेरी के कुछ कृषकों द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड न मिलने की बात कही गयी, जिसमें सचिव द्वारा मुख्य कृषि अधिकारी को निर्देश दिये गये कि व ग्राम में जिन कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध नही हो पाया है, को तत्काल उपलब्ध कराया जाए। क्षेत्र के कृषकों द्वारा यह भी समस्या रखी गयी कि रवी एवं खरीफ बीजों का मूल्य अधिक है, जिसे कम कराया जाए। साथ ही उनके द्वारा मुख्य कृषि अधिकारी को निर्देशित किया गया कि क्षेत्रीय कर्मचारी अपना संभावित क्षेत्र भ्रमण कार्यकम रोस्टर के अनुसार जनपद मुख्यालय को उपलब्ध करायेंगे साथ ही उनके द्वारा यह भी अवगत कराया कि रवी एवं खरीफ बीजों की प्राप्ति से 15 दिन पूर्व प्रजातियों के बारे में क्षेत्र में प्रचार-प्रसार किया जाए। सचिव द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि क्षेत्रीय कर्मचारियों को अद्यतन रखा जाए, जिस हेतु उन्हें समय-समय पर विभागीय स्तर एवं पन्तनगर कृ०वि०वि० के वैज्ञानिकों के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाये जायें।

# किसान गोष्ठी में दी योजनाओं की जानकारी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम सेजनी विकासखंड में रविकांत वर्मा के आवास पर एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा कृषि विभाग की योजनाओं के संबंध में कृषक बन्धुओं को कृषि विभाग के संबंध में विस्तार से जानकारियां उपलब्ध कराई गई तथा किसी विभाग की योजनाओं से उन्हें रूबरू भी कराया गया। वहीं कृषि विभाग से अनुदान पर मिले ट्रैक्टर की चाबी लाभार्थी प्रतीक वर्मा को दीपेंद्र चौधरी व राजेश शुक्ला द्वारा प्रदान की गई। कार्यक्रम में अधिकारियों द्वारा कृषकों के कृषि के सम्बंध में प्रश्नों के उत्तर विभाग द्वारा दिये गये।



कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश शुक्ला पूर्व विधायक द्वारा की गई ।कार्यक्रम की रूपरेखा व आयोजन भारत भूषण शुक्ला व सचिन वर्मा द्वारा की गई। सभी क्षेत्र वासियों से कार्यक्रम की भूरि -भूरि प्रशंसा की ओर सफल आयोजन हेतू सभी को बधाई भी दी। कार्यक्रम में दीपेंद्र चौधरी, सचिव, कृषि एवं सैनिक कल्याण उत्तराखंड,अभय सक्सेना, सह निदेशक कृषि विभाग उत्तराखंड,पी के सिंह,अजय कुमार वर्मा,मुख्य कृषि अधिकारी,उधम सिंह नगर भावना जोशी, मुख्य उद्यान अधिकारी,उधम सिंह नगर अमित कुमार,शशिकमल, विधि उपाध्याय शुक्ला, रविंद्र जीत सिंह , रविकांत वर्मा अध्यक्ष आत्मा परियोजना,सुशील यादव, राजेश तिवारी उपाध्यक्ष भाजपा ,मयंक तिवारी, ,धीरेंद्र मिश्रा जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा,दीपक मिश्रा प्रधान,इंद्रजीत सिंह,भगवान, दलबीर सिंह,बलकार सिंह,श्रीमती आशा मोहिनी,रेखा ,रामगिरी आदि लोग रहे ।

# चोरों ने केटीएम बाइक पर किया हाथ साफ

किच्छा(उद संवाददाता)। पुरानी गल्ला मंडी स्थित मंदिर के बाहर खड़ी केटीएम बाइक पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। इस दौरान पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। नगर के वार्ड 16 पंजाबी कॉलोनी निवासी विशाल गुप्ता पुत्र रजनेश कुमार गुप्ता ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी मोटरसाईकिल के०टी०एम० ड्यूक संख्या यूके 06एक्यू 1475 को साई मंदिर व मारवाड़ी मंदिर के पास करीब साढ़े 11 बजे लॉक लगाकर खड़ी की थी। जिसके कुछ देर बाद जब बाइक वह वापिस आया तो देखा कि बाइक अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली थी। उसके द्वारा अपनी बाइक की इधर-उधर काफी तलाश की किन्तु उक्त वाहन का कुछ भी पता नहीं चल पाया।इस दौरान पीड़ित द्वारा कोतवाली पुलिस में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर पुलिसकर्मी सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में नैनीताल जनपद के लालकुआं व वनभूलपुरा के पुलिस अधिकारी व कर्मचारी को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। पुलिस विभाग की कार्यशैली, कर्मठता से किये गए कार्य के परिणामस्वरूप कोतवाली लालकुआं



पुलिस टीम ने गुमशुदा महिला को सकुशल बरामद किए जाने के संबंध में सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, डॉ. आरके जैन उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष, अभिनव कुमार डीजीपी द्वारा अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर प्रहलाद नारायण मीणा, एस एस पी नैनीताल के नेतृत्व में नैनीताल पुलिस अधिकारी कर्मचारियों द्वारा पूर्व में गुमशुदा महिला एवम बालिका को सकुशल से बरामद करने के फलस्वरूप प्रशस्ति पत्र, सम्मान चिन्ह से सम्मानित कर भूरी-भूरी प्रशंसा की गई।जनपद के समस्त अधिकारी कर्मचारी गणों द्वारा भी पुलिस टीम को शुभकामनाएं व बधाई देकर उत्साह वर्धन किया गया। सम्मानित हुए अधिकारी कर्मचारी में महिला उपनिरीक्षक वन्दना चौहान लाल कुआं, कांस्टेबल चन्द्र शेखर मल्होत्रा लालकुआ तथा कॉन्स्टेबल भूपेंद्र जेष्ठा बनभूलपुरा शामिल हैं।

# ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों का किया स्वागत

रामनगर (उद संवाददाता)। यहां आयोजित अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के सम्मेलन में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा प्रदेश अध्यक्ष पंडित सुरेश चंद शर्मा, वरिष्ठ संयोजक पंडित बीडी शर्मा, प्रदेश संरक्षण पंडित हरिओम शर्मा, जिला अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुहासिनी द्विवेदी एडवोकेट, जिला महासचिव ऋषि भारद्वाज का जोरदार स्वागत किया गया। जिसमें



राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित विशाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष उत्थान ब्राह्मण सभा हेमचंद भट्ट, कुमारी पूनम पंडित, अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता प्रतिभा थपलियाल, मोहम्मद माहिर खान, निर्माता निर्देशक कलाकार अशोक शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष और बहुत से ब्राह्मण उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान जो विद्यार्थी हाई स्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा 90 प्रतिशत से ऊपर नंबर लेकर आए थे ऐसे हैं करीब ढाई सौ विद्यार्थिमा माल्यार्पणकट पदक देकर स्वागत किया गया। सभी अतिथियों का अंग वस्त्र दान देकर भगवान श्री परशु राम जी का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।